दिन– बुधवार

दिनांक– 04 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्यसभा चुनाव के लिए जदयू की ओर से दो उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर बड़ी बैठक। नामांकन की कल आखिरी तारीख है।

02 मध्य पूर्व में जारी युद्ध के बीच ओमान की खाड़ी में तेल टैंकर पर मिसाईल हमले के बाद बेतिया निवासी आशीष कुमार लापता।

03. विदेश मंत्रालय ने खाड़ी क्षेत्र में फंसे भारतीयों के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया। एयर इंडिया और इंडिगो विशेष उड़ानें संचालित कर रही है।

04. और, रंगों का त्योहार होली पूरे प्रदेश में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। फगुआ के गीतों से माहौल बना उत्साहजनक।

---

राज्यसभा चुनाव के लिए जदयू की ओर से दो उम्मीदवारों के नामों की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर बड़ी बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी भी उपस्थित हुए। जदयू एमएलसी संजय गांधी ने कहा कि बैठक में राज्यसभा उम्मीदवारों और संगठन को मजबूत बनाने पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से जल्द ही नामों की घोषणा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बिहार में पांच सीटों के लिए भाजपा ने पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, पांचवीं सीट के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा का नाम तय किया गया है। सोलह मार्च को होने वाले चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की कल अंतिम तारीख है। लोजपा– रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि चुनाव में एनडीए की सभी पांचों उम्मीदवार विजयी होंगे।

–––बाइट–––

ग्रामीण विकास मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार ने कहा है कि एनडीए के पांचों उम्मीदवार बिहार से निर्वाचित होकर राज्यसभा जायेंगे।

–––बाइट–––

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और पूर्व विधायक शिवेश कुमार को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। श्री कुमार ने कहा कि इन दोनों के अनुभव से बिहार और राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान का अध्याय जुड़ेगा।

---

मध्य पूर्व में जारी युद्ध के बीच ओमान की खाड़ी में एक तेल टैंकर पर मिसाइल के हमले में बेतिया निवासी आशीष कुमार लापता हैं। अब तक उनकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। आशीष के भाई आकाश कुमार ने ओमान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर जल्द पता लगाने की अपील की है।

———बाइट———

---

विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक टेलीफोन के जरिए इस नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क किया जा सकता है। नियंत्रण कक्ष का नम्बर हैं– **एक आठ शून्य शून्य एक एक आठ सात नौ सात** या **शून्य एक एक– दो तीन शून्य एक दो एक एक तीन**, दो अन्य नम्बर हैं – **शून्य एक एक– दो तीन शून्य एक चार एक शून्य चार** और **शून्य एक एक– दो तीन शून्य एक सात नौ शून्य पांच**। इसके अलावा संघर्ष के क्षेत्र में भारतीय दूतावासों ने सुरक्षा उपायों और वहां से लोगों के निकलने के संभावित उपायों में मदद के लिए चौबीसों घंटे आपात हेल्पलाइन भी शुरू की है।

---

पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के कारण फंसे यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए भारतीय विमान कंपनियां आज भी विशेष उड़ानें संचालित कर रही हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया है इनमें इंडिगो की तीस और एयर इंडिया तथा एयर इंडिया एक्सप्रेस की तेईस उड़ानें शामिल हैं। मौजूदा स्थिति के कारण भारतीय विमानन कंपनियों की एक हजार दो सौ इक्कीस और विदेशी एयरलाइंस की तीन सौ अट्ठासी उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। मंत्रालय ने यात्रियों को हवाई अड्डे पहुंचने से पहले

संबंधित विमानन कंपनी से उड़ान की ताजा स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी है।

---

रंगों का त्योहार होली आज पूरे देश में उत्साह के साथ मनाई जा रही है। यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। इस दिन लोग एक–दूसरे को रंग लगाते हैं, शुभकामनाएँ देते हैं और मिठाइयां बांटते हैं। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

देश भर में ढोल की थाप और होली है..की गूंज के साथ, वातावरण खुशियों के रंगों से सराबोर है। बसंत की बयार के आगमन के साथ गुजिया की मिठास और ठंडाई की खुशबू से होली का माहौल और भी खुशनुमा हो जाता है। होली न केवल रंगों का उत्सव है, बल्कि ये प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। खाकी चुनी देह की, फीका हर बंधेज। जिसने रंगा रूह को, वो सच्चा रंगरेज। ..होली आई रे कन्हाई.. पिचकारियों से निकलता रंगीन पानी बच्चों के मन में अद्भुत उत्साह और उमंग भरता है। आज के दिन कई स्थानों पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ..रंग बांके सांवरियां डार गयो री.. होली का त्योहार हमें कटुता और द्वेष को मिटाकर प्रेम और सद्भाव से जीवन जीने की प्रेरणा देता है। रङ्गानाम् उत्सवे अस्मिल्लोके सर्वेषां जीवनं सुख–शान्ति–समृद्धिभिः परिपूर्णं भवतु। आकाशवाणी की ओर से, आप सभी श्रोताओं को होली की बहुत–बहुत शुभकामनाएं।

---

जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने राज्यवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि रिश्तों को मजबूत बनाने का त्योहार भी है।

———बाइट———

---

रंगों का त्योहार होली आज पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली को लेकर प्रदेश में हर तरफ उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया। फगुआ के पारंपरिक गीत ने माहौल को और उत्साहजनक बना दिया। लोगों ने सुबह से ही एक दूसरे को रंग–अबीर लगाकर होली मनाई। पटना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि होली के अवसर पर विभिन्न चौक–चौराहों, अपार्टमेंट और मुहल्लों में लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली मनाई।

———रिपोर्ट———

सीतामढ़ी में भी होली पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

सीतामढ़ी जिले में रंगों का त्योहार होली परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चों और युवाओं की टोली घूम घूम कर एक दूसरे पर रंग और अबीर लगाती नजर आई। इधर, ढोल, मंजीरे और होली के गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। जिला प्रशासन भी हुड़दंगियों से निपटने और शांतिपूर्वक तरीके से होली का पर्व संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहा। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में होली के दौरान बच्चों से लेकर बड़ों तक ने खूब मस्ती की।

---रिपोर्ट---

पूर्वी चम्पारण जिले में रंगों का त्योहार होली पारंपरिक उत्साह और उमंग के वातावरण में मनाया गया। मोतिहारी के हेनरी बाजार चौक, ज्ञान बाबू चौक, मीना बाजार, छतौनी चौक और बलुआ चौक में सुबह से लोगों ने एक दूसरे को रंग–अबीर लगाकर होली का आनंद उठाया। विभिन्न मोहल्लों में महिलाओं की टोली ने होली गीत के साथ रंगोत्सव मनाया। बच्चों ने भी इस दौरान खूब मस्ती की। आकाशवाणी समाचार के लिए मोतिहारी से आलोक कुमार।

कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया है कि होली के दौरान विभिन्न चौक–चौराहों पर प्रशासन के अधिकारी तैनात रहे।

---रिपोर्ट---

कटिहार जिले में रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक में लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बच्चों, युवाओं और महिलाओं की टोली ने घर–मोहल्ले में शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाई। हुड़दंगियों से निपटने के लिए प्रशासन ने 300 से अधिक स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल को तैनात किया था। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने होली पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि हर्षोल्लास और आनन्द से भरा यह त्यौहार सभी के जीवन में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करता हैं। वहीं, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि होली असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, भाईचारा और सद्भाव के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि रंग, उमंग, प्रेम और सद्भाव का पर्व होली हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने लोगों से आपसी सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की है। इधर, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा सहित अन्य दलों ने भी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी हैं।

---

प्रदेश में आठ मार्च को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस, महिला रोजगार दिवस के रूप में मनाया जायेगा। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इसके तहत सभी जिला मुख्यालयों पर महिला उद्यमी और जीविका दीदी स्थानीय महिलाओं को रोजगार से जुड़ी जानकारी देंगी।

---

आईसीसी पुरुष टी–ट्वेंटी विश्व कप का पहला सेमीफाइनल मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है। दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। आठ मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मैच खेला जाएगा।

---

सीतामढ़ी जिले के बोखरा थाना क्षेत्र के कुरहर पंचायत में एक ही परिवार के चार लोगों की सेप्टी टैंक की सफाई के दौरान जरहीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई।

अररिया जिले में पुलिस ने तीन सौ बोतल शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राज्यसभा चुनाव के लिए जदयू की ओर से दो उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर बड़ी बैठक। नामांकन की कल आखिरी तारीख है।

02 मध्य पूर्व में जारी युद्ध के बीच ओमान की खाड़ी में तेल टैंकर पर मिसाईल हमले के बाद बेतिया निवासी आशीष कुमार लापता।

03. विदेश मंत्रालय ने खाड़ी क्षेत्र में फंसे भारतीयों के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया। एयर इंडिया और इंडिगो विशेष उड़ानें संचालित कर रही है।

04. और, रंगों का त्योहार होली पूरे प्रदेश में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। फगुआ के गीतों से माहौल बना उत्साहजनक।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।